महत्वपूर्ण एवं खास

सारंगढ़ की घटना में संलिप्त किसी आरोपी को नहीं छोड़ेंगे - एस पी दीपक झा

रायगढ़ । दो अप्रैल को अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कुछ लोगों द्वारा एसटी-एससी अधिनियम में कथित बदलाव के विरोध में आयोजित बंद के दौरान आंदोलनकारियों द्वारा सारंगढ़ में जिस तरह मारपीट तोड़फोड़

और गाली-गलौच को अंजाम दिया है और दहशत का माहौल निर्मित किया गया है उससे पूरा सर्व समाज आहत है खासकर इस मामले में सारंगढ़ के व्यापार जगत को अधिक नुकसान हुआ है ऐसे में सारंगढ़ के सर्व समाज के लोगों ने इसके विरोध में 5 अप्रैल 2018 से अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया है इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने रायगढ़ एसपी दीपक झा से मुलाकात की और उन्हें बताया कि किस तरह उस दिन असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ और गुंडागर्दी को अंजाम दिया है उन्होंने कुछ वीडियो फुटेज की ओर एस पी साहब का ध्यान आकर्षित किया और उन से निवेदन किया कि जब गवाह भी हैं और वीडियो फुटेज भी हैं तो फिर ऐसे तत्वों को पकड़ने में देरी क्यों हो रही है जिस पर एस पी ने चेंबर प्रतिनिधियों को आश्वासन देते हुए कहा कि मुझे व्यक्तिगत रुप से इस घटना का अत्यंत दुख है अमूमन शांति के साथ रहने वाले इस जिले के रहवासियों से इस प्रकार की उम्मीद नहीं की गई थी हम उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और विभिन्न वीडियो क्लिपिंग को खंगाल रहे हैं । पूरी जांच के बाद दोषी व्यक्तियों पर चाहे वह नेता हो या समर्थक हो कड़ी कार्यवाही की जाएगी उन्होंने सारंगढ़ में आंदोलनरत छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल से दूरभाष पर पर चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया की पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है आप थोड़ा धैर्य रखें और रायगढ़ पुलिस पर विश्वास रखें दोषी तत्वों पर शीघ्रता शीघ्र कार्यवाही की जाएगी उन्होंने जनता से वीडियो अथवा फोटो जो भी साक्ष्य उपलब्ध हों पुलिस को मुहैया कराने को कहा है उन्होंने आज ही जिलाधीश रायगढ़ से चर्चा कर अधिकारियों का एक दल सारंगढ़ के व्यापारियों के पास भेजने का आश्वासन दिया ताकि वे आक्रोशित सर्व समाज को स्वयं जाकर आश्वासन दें ।

फर्जी शिकायत पर पुलिस डाटा सहायक को कर रही है प्रताड़ित

पीड़ित ने सामाजिक न्याय संघ से लगायी मदद की गुहार

रायगढ़। सरिया पुलिस पर सड़क हादसे के एक फर्जी मामले में प्राथमिक लेखा एवं डाटा सहायक को फंसाने व प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस द्वारा युवक से अवैध उगाही की मांग करने की बात सामने आयी है। पीड़ित ने मामले में सामाजिक न्याय संघ को आवेदन देकर मदद की मांग की है।

मामला कुछ यूं है कि सरिया के वार्ड क्रमांक 8 निवासी विद्याशंकर उरांव पिता फागुलाल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक लेखा एवं डाटा सहायक के पद पर कार्यरत है। गत एक दिसंबर 2017 को परसरामपुर रोड पर मोटर सायकल व ट्रैक्टर की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हुआ था। उसे सामान्य चोट आयी थी। सड़क हादसे के बाद किसी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी गई और ना ही तत्कालिक कोई कार्रवाई की गई। दुर्घटना के करीब तीन माह बाद 9 मार्च को विद्याशंकर को अपने परिचित पुलिस वाले से जानकारी मिली कि उसके नाम पर रिपोर्ट दर्ज हो रहा है। इस मामले की जानकारी मिलने पर विद्याशंकर ने परिचित

पुलिसकर्मी से जानकारी चाही तो उसे बताया गया कि गत दिसंबर माह में परसरामपुर मार्ग पर घटित हादसा उसके द्वारा किया गया है और इस मामले को लेकर थाने में एक पत्र आया है। अपने खिलाफ फर्जी शिकायत की बात सामने आने पर विद्याशंकर थाने पहुंचा तब पाया कि उक्त कागज पर उसके नाम का उल्लेख नहीं था। विद्याशंकर ने अपना पक्ष रखते हुए पुलिस कर्मचारियों को उस दिनांक को घटनास्थल पर नहीं होने तथा अपने कर्तव्य पर रहने की जानकारी दी, मगर संबंधित पुलिस कर्मचारियों ने एफआईआर दर्ज करने व मामला न्यायालय में निपटने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। बताया जाता है कि इस वाकये के बाद से पीड़ित पक्ष को प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिसकर्मी उसके ट्रैक्टर की फोटो खिंचकर लेकर गए और उसके पिता को धमकाया गया कि उसका बेटा फंस चुका है एवं वह चार-पांच लाख रूपए तैयार रखे। इस मामले में पीड़ित ने सामाजिक न्याय संघ को आवेदन देते हुए बताया है कि फर्जी रूप से फंसाए जाने से वह एवं उसका परिवार काफी परेशान है एवं वे मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के साथ खुद को बेबस महसूस कर रहे हैं।

पीड़ित ने इस मामले में सामाजिक न्याय संघ से न्यायिक सहायत प्रदान करने की मांग की है।

शिक्षा विभाग की बैठक 9, 10 एवं 11 अप्रैल को

रायगढ़। शिक्षा अधिकार के तहत स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश, ऑनलाईन प्रविष्टि एवं स्कूल संचालन के निर्देशों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में विकास खण्डवार बैठक 9 से 11 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी।

तुरंगा में जनसमस्या निवारण शिविर 7 अप्रैल को

रायगढ़। जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम-तुरंगा में 7 अप्रैल को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर पुसौर विकासखण्ड के ग्राम त्रिभौना में आयोजित थी।

सरपंच, सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास व शौचालय निर्माण कराने में कर रहे मतभेद

रायगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सरपंच सचिव द्वारा अपात्रों को दिया जा रहा है। पक्का मकानवालों का नाम चयनित हितग्राहियों की सूची में शामिल है। जबकि गरीब व एलबेस्टर छावनी वाले व आवास विहीन व्यक्ति ग्राम पंचायत का चक्कर काट रहे हैं। मगर इससे पंचायत को कोई सरोकार नहीं है। केन्द्र व राज्य शासन द्वारा गरीबों के लिए विभिन्न योजना

पीएम आवास की सूची में पात्र को अपात्र करने में लगे हैं सरपंच, सचिव

सरपंच, सचिव की मनमानी रवैरये से तंग आकर ग्रामीण महिलाओं ने जनपद पंचायत सीईओ से की शिकायत

संचालित कर उन्हें लाभ दिलाया जा रहा है। ताकि वे बेहतर ढंग से जीवन यापन कर सकें। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब तबके के लोगों को स्वयं का

आवास दिलाए जाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित है, लेकिन अधिकांश पंचायत के सरपंच व सचिव की मनमानी के चलते ग्रामीणों को सही ढंग से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में पात्र हितग्राहियों को अपात्र घोषित कर लोगों से रूपये लेकर उन्हें पात्र घोषित करने का सिलसिला जारी है। इ

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेगा, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931